





# घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

- बदबू आने पर हुआ खुलासा
- पुलिस जांच में जुटी

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत काटजू नगर (नगर सुधार न्यास) में बुधवार दोपहर एक बंद मकान से 35 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतक की करीब ढाई माह पहले ही शादी हुई थी, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद युवक घर में अकेला रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सुरेश उर्फ लखन पिता दर्शन कुमार चौहान (35) निवासी काटजू नगर (नगर सुधार न्यास) के रूप में हुई है। बुधवार को




आसपास रहने वाले लोगों को उसके मकान से तेज दुर्गंध आने लगी। अनहोनी की आशंका होने पर स्थानीय लोगों ने तत्काल औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गायत्री सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश करने पर सुरेश का शव कमरे में साड़ी से बने फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सुरेश कबाड़ का व्यवसाय कर अपना जीवनयापन करता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। करीब ढाई माह पहले उसकी शादी नागदा निवासी एक महिला से हुई थी, जो उसकी दूसरी शादी थी। बताया जा रहा है कि विवाह के लगभग 10 दिन बाद ही पत्नी अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई थी और उसके बाद वापस नहीं आई। तब से सुरेश अकेला ही रह रहा था।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी स्थिति स्पष्ट:** पुलिस का कहना है कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत का सही समय और कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# सैलाना को पहली बार राजनीतिक मिला सम्मान, सोनी बने भाजयुमो जिलाध्यक्ष



**नव भारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर के लिए गौरव का क्षण उस समय आया, जब नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं युवा नेता अनुकूल सोनी को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का रतलाम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष श्याम टेलर ने रविवार देर रात उनकी नियुक्ति की घोषणा की। इस नियुक्ति के साथ ही सैलाना को पहली बार भाजपा युवा मोर्चा के जिला नेतृत्व की जिम्मेदारी मिली है। नगर सहित पूरे जिले में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सैलाना के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

अनुकूल सोनी वर्ष 2016-17 में सैलाना नगर भाजयुमो अध्यक्ष बने। संगठन के प्रति समर्पण, सक्रिय कार्यशैली और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं के बीच विशेष पहचान बनाई। वर्ष 2017 में वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद निर्वाचित हुए तथा नगर परिषद के उपाध्यक्ष भी बने। इसके बाद उन्होंने स्वयं को पूर्ण रूप से संगठनात्मक कार्यों में समर्पित किया और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारी के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। सैलाना से इससे पहले भारतीय जनता पार्टी अथवा भारतीय जनता युवा मोर्चा में कोई भी कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष पद तक नहीं पहुंच पाया था।

## सीएमएचओ ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की



**रतलाम।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु समूह के वाले बालक, बालिकाओं को स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र में चिकित्सकों द्वारा विजिट कर जांच एवं उपचार की सेवाएं प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात विकृति, बच्चों में होने वाली बीमारियां, विटामिन एवं माइक्रो न्यूट्रिएंट्स की कमी के कारण होने वाले रोग, विकासात्मक विलंब आदि के संबंध में स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया द्वारा समीक्षा करते हुए विकासखंड स्तरीय चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि जिले सहित रतलाम शहर के विभिन्न आदिम जाति कल्याण छात्रावास में विजिट कर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करें एवं समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। बैठक के दौरान आर बी एस के नोडल अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डी पी एम श्रीमती अर्चना राठौर, जिला मैनेजर डीआईसी मोहन कछावा, लोकेश वैष्णव एवं विभिन्न विकासखंड के आरबीएसके चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में 23 जुलाई को प्रात: 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत शैक्षणिक भ्रमण आयोजित



**आलोट।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय आलोट में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय हाई स्कूल, ग्राम रिछा के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विद्यालय के म्यूजिक कक्ष का अवलोकन किया। विद्यालय की बायोलॉजी, फिजिक्स एवं हेल्थ केयर प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। भ्रमण ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनके ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल में भी उल्लेखनीय वृद्धि की। प्राचार्य फिरोज खान,उपप्राचार्य पीयूष शर्मा सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य, इसे पूरी गंभीरता से करें : एडीएम

- जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 2027 के लिए क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**रतलाम।** जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 2027 के निर्माण के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी बृजेन्द्र कुमार रावत ने निरीक्षण किया। आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, रतलाम में आयोजित प्रशिक्षण में तहसील रावटी, बाजना तथा नगर परिषद नामली एवं धामनोद के लिए नियुक्त क्षेत्र पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन जिला एवं चार्ज स्तरीय प्रशिक्षक रजनीश भार्गव एवं सुश्री ओजस्वी द्वारा किया गया। अपर कलेक्टर श्री रावत ने प्रशिक्षणार्थियों को



संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्रीय स्तर का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसे पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी एवं गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करें तथा मैदानी कार्य के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार ने बताया कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का निर्माण 1 से 30 अगस्त 2026 के दौरान किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले के प्रत्येक ग्राम एवं प्रत्येक नगरीय क्षेत्र की आवश्यक जानकारी संकलित की जाएगी। इस कार्य के लिए पटवारी एवं ग्राम सचिवों को क्षेत्र पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें रतलाम एवं जावरा में छह दिवसीय चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनगणना हस्तपुस्तिका का मैदानी कार्य 1 अगस्त से प्रारंभ होगा।

## संध्याकालीन शिविरों में प्राप्त हुई 28 शिकायतें, 5 का हुआ त्वरित निराकरण

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशों का पालन करते हुए बुधवार को जिले की समस्त 08 नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में वार्ड स्तरीय संध्याकालीन शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बुधवार को कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। 14 शिकायतें पेयजल से संबंधित थी जिसे दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की गई, 05 शिकायतें स्वच्छता से संबंधित जो तत्काल




निराकृत की गई तथा 09 शिकायतें नाली निर्माण, सी सी रोड निर्माण, स्पीड ब्रेकर निर्माण व स्ट्रीट लाइट से संबंधित थी। लंबित शिकायतों के समाधान के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा संबंधित को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त जानकारी पीओ डूडा अरुण कुमार पाठक द्वारा दी गई।

## जिले में अब तक 237 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रतलाम।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 237 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 5.13 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

पिछले 24 घन्टों में आलोट में 5.00 मि.मी., जावरा में 2.0 मि.मी., ताल में 8.0 मि.मी., पिपलोदा में 4.0 मि.मी., बाजना में 4.0 मि.मी., रतलाम में 5.0 मि.मी., रावटी में 10.0 मि.मी. एवं सैलाना में 3.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र आलोट में 300.0 मि.मी., जावरा में 224.0 मि.मी., ताल में 205.0 मि.मी., पिपलोदा में 268.0 मि.मी., बाजना में 158.0 मि.मी., रतलाम में 334.0 मि.मी., रावटी में 184.0 मि.मी. एवं सैलाना में 223.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## 14 दिन के उपचार के बाद नवजात को सेवा भारती मातृछाया शिशु गृह किया सुपुर्द

**रतलाम।** 4 जुलाई को जीआरपी स्टाफ द्वारा रेलवे की एक बोगी में अज्ञात अवस्था में मिली एक नवजात बालिका को जिला चिकित्सालय के एस.एन.सी.यू. (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में भर्ती कराया गया था। सिविल सर्जन डॉ. एपी सिंह ने बताया कि बालिका का नाम अस्थायी रूप से देवी रखा गया। लगभग 14 दिनों तक एस.एन.सी.यू. में विशेषज्ञ



चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी की गई।

नवजात का स्वास्थ्य पूरी तरह संतोषजनक हो गया। इसके पश्चात



सेवा भारती मातृछाया शिशु गृह में प्रवेश हेतु सामाजिक कार्यकर्ता अर्पित गुप्ता व शीतल सोलंकी (यशोदा) को बालिका विधिवत सुपुर्द की गई।

समाजसेवी गोविंद काकानी ने बताया कि नवजात को मातृछाया भेजे जाने की जानकारी सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान को भी दी गई। डॉ. प्रतीक आर्य एवं टीम ने नवजात का उपचार और देखभाल की। स्वस्थ होने के बाद बालिका को सेवा भारती मातृछाया शिशुगृह के लिए विधिवत सुपुर्द कर दिया गया।

# रेलवे कर्मचारियों को विशेषज्ञ ने बताए तनाव दूर करने के आसान उपाय

- रतलाम मंडल में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित,

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समिति कक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कर्तव्य फाउंडेशन के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं साइकोथेरेपिस्ट निहारिका गादिया बंबोरी ने बताया कि



बढ़ता तनाव व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, कार्यक्षमता तथा पारिवारिक जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। उन्होंने तनाव के शुरुआती संकेतों की पहचान करने और समय रहते उसका समाधान अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने नियमित व्यायाम, योग, ध्यान, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, बेहतर समय प्रबंधन तथा परिवार और सहकर्मियों के साथ संवाद बनाए रखने को तनाव कम करने के प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि समय पर परामर्श और देखभाल से कई मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक कुंजीलाल मीणा ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहतर कार्यक्षमता और गुणवत्तापूर्ण सेवा के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को कर्मचारियों के हित में उपयोगी बताते हुए तनावमुक्त और सकारात्मक कार्य वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

मंडल कार्मिक अधिकारी (इंचार्ज) सोमनाथ गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे और विशेषज्ञ से उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। अंत में कर्तव्य फाउंडेशन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति निरंतर जागरूक रहने का संदेश दिया।

## सीएमएचओ ने शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

**रतलाम।** सीएमएचओ ने शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था को जांच और सुधार के निर्देश भी दिए। इस दौरान अधिकारियों से जानकारी लेकर योजनाओं के बारे में जाना।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया ने शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम शहर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक जवाहर नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक मुखर्जी नगर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक मोमिनपुरा का निरीक्षण किया।

सीएमएचओ ने दस्तक अभियान के दौरान ओआरएस कॉर्नर बनाकर उचित रूप से काउंसलिंग करने के लिए निर्देशित किया। स्वास्थ्य केंद्र पर सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर सभी प्रकार की आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, दवाइयों का उचित रूप से संधारण करने के निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर ओपीडी की संख्या बढ़ाने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करने, क्षेत्र में अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन करने, गर्भवती माता की स्वास्थ्य देखभाल करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गौरव बोरीवाल, लोकेश वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

# सीहोर में टेबल टेनिस की टेबल पर दम दिखाएंगे जावरा के खिलाड़ी

- महावीर जैन नेशनल स्कूल की अंडर-14 और अंडर-17 टीमें सीबीएसई क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता के लिए रवाना

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** महावीर जैन नेशनल स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई क्लस्टर लेवल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 23 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक सीहोर स्थित आईईएस पब्लिक स्कूल में आयोजित होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों के सीबीएसई विद्यालयों के उत्कृष्ट खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

विद्यालय की टेबल टेनिस टीम पिछले कई सप्ताह से इस बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी में जुटी हुई थी। खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, फिटनेस प्रशिक्षण एवं तकनीकी कौशल पर विशेष ध्यान देते हुए कठिन परिश्रम किया है।




उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के आधार पर चयनित ये खिलाड़ी दो अलग-अलग आयु वर्गों में विद्यालय की चुनौती पेश करेंगे। जिसमें अंडर-14 बालक वर्ग में हविश मनसुखानी, रिदम गंगवाल एवं अक्षत जैन। अंडर-17 बालक वर्ग में अनय नांदेचा, तीर्थ चत्तर एवं भाव्यांश चौरडिया शामिल है।

### शिक्षा के साथ खेलों पर भी विशेष ज़ोर

महावीर जैन नेशनल स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों का भी समान महत्व है। आधुनिक खेल सुविधाओं तथा विद्यार्थियों को निरंतर मिलने वाले प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि यहाँ के खिलाड़ी समय-समय पर जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ते रहे हैं।

### विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएँ

इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल, प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। प्रबंधन ने विश्वास जताया है कि सभी खिलाड़ी खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा महावीर जैन नेशनल स्कूल, जावरा सहित पूरे रतलाम जिले एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित करेंगे।

**एक नजर में** — मामला : शिक्षक का तबादला रुकवाने के लिए फोरलेन किया था जाम

# बच्चों को प्रदर्शन में शामिल करने पर जेजे एक्ट सहित कई धाराओं में एफआईआर

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** शासकीय शिक्षक का स्थानांतरण रुकवाने के लिए हुए चक्काजाम में बच्चों को शामिल करने पर अब एफआईआर हुई हैं।

रूपनगर शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक बद्रीलाल राठौर का प्रशासकीय तबादला रुकवाने के लिए मंगलवार को फोरलेन पर चक्काजाम करने वाले दोषियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है।

बच्चों को ढाल बनाकर किए गए इस अवैध प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (जावरा) की शिकायत पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जावरा को एडीपीसी अशोक लोढ़ा से सूचना मिली थी कि शिक्षक बद्रीलाल राठौर का तबादला रुकवाने के लिए कुछ लोग स्कूली बच्चों को लेकर रूपनगर फंटा फोरलेन पर चक्काजाम करने की योजना बना रहे हैं।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए, बीईओ के साथ बीआरसी रूपेश नरोटे, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री सिमरन सूर्यवंशी और परियोजना समन्वयक अखिलेश राजपूत तत्काल मौके पर (रामाया होटल के पास) पहुंचे।

शिक्षा विभाग की टीम ने वहां मौजूद लोगों को समझाया कि शिक्षक का तबादला एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत हुआ है। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया गया कि स्थानांतरण रुकवाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने एक टीम भी गठित की है, जो प्रक्रिया के तहत उचित कार्रवाई करेगी।

**1 घंटे बाधित रहा फोरलेन का यातायात:** अधिकारियों की तमाम समझाइश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने उनकी एक न सुनी और मासूम बच्चों के साथ फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। करीब 1 घंटे तक चले इस जाम के कारण हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ केस

यातायात बाधित करने और मासूम बच्चों को प्रदर्शन में शामिल करने को लेकर पुलिस ने सख्त कानूनी कार्रवाई की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जावरा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अवैध रूप से रास्ता रोकने वालों पर बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 126 (2), 3 (5) के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट) की धारा 83 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

**विभाग की पहुंची टीम ने समझाया :** सूचना की गंभीरता को देखते हुए बीईओ के साथ बीआरसी रूपेश नरोटे, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री सिमरन सूर्यवंशी और परियोजना समन्वयक अखिलेश राजपूत तत्काल मौके पर (रामाया होटल के पास) पहुंचे। शिक्षा विभाग की टीम ने वहां मौजूद लोगों को समझाया कि शिक्षक का तबादला एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत हुआ है।